FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट थाना मटसेना, दिनांक 03-11-2026, जनपद फिरोजाबाद।

थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा GNM छात्रा प्रीति की मृत्यु के प्रकरण का सफल अनावरण, विवेचना में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त अमन को मोबाइल सहित किया गिरफ्तार।

— ठोस साक्ष्य संकलन, तकनीकी साक्ष्यों एवं गहन विवेचनात्मक कार्यवाही के आधार पर घटना का हुआ सफल अनावरण.....

घटना एवं पुलिस कार्यवाही का विवरण-

दिनांक 27-10-2026 को GNM की छात्रा प्रीति का शव रेलवे ट्रैक पर मिला था। उक्त घटना के संबंध में थाना मटसेना पर मु0अ0सं0 284/2026 धारा 103(1), 74, 351(3), 238 बीएनएस एवं 3(2)(v) एससी/एसटी एक्ट बनाम यक्ष दक्ष एवं सुरेन्द्र दक्ष पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा अभियोग की गहनता से विवेचना की गयी। विवेचना के दौरान संकलित ठोस साक्ष्यों, तकनीकी साक्ष्यों, सुरागरसी-पतारसी एवं अन्य विवेचनात्मक कार्यवाही के आधार पर धारा 103(1), 74, 351(3), 238 बीएनएस एवं 3(2)(v) एससी/एसटी एक्ट का लोप करते हुए धारा 108 बीएनएस का अपराध होंना पाया गया। उक्त प्रकरण में थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त अमन पुत्र ज्ञानप्रकाश निवासी शेख की सराय, थाना सिरसागंज, जनपद फिरोजाबाद को दतावली अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1. अमन पुत्र ज्ञानप्रकाश निवासी शेख की सराय, थाना सिरसागंज, जनपद फिरोजाबाद, उम्र करीब 23 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

एक अदद मोबाइल फोन Vivo T2 Pro, Model No.- V2321, Serial No.- 10BD9R005B0005K, IMEI No.- 869916067512951, 869916067512944, रंग सफेद।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 284/2026 धारा 108 बीएनएस, थाना मटसेना, जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री विमलेश कुमार त्रिपाठी, थानाध्यक्ष मटसेना, जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 श्री नाजिम, थाना मटसेना, जनपद फिरोजाबाद।
3. हे0का0 577 गुलफान खां, थाना मटसेना, जनपद फिरोजाबाद।
4. हे0का0 1055 अशोक कुमार, थाना मटसेना, जनपद फिरोजाबाद।